Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 26-04-2007

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

an>

Title: Need to run Uttar Pradesh Sampark Kranti Express daily and provide adequate number of bogies for Bundelkhand region.

श्री राजनरायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : महोदय, उत्तर प्रदेश के अति पिछड़े क्षेत्र बुन्देलखण्ड को रेलवे ने अति उपेक्षित क्षेत्र की भांति बर्ताव शुरू कर दिया है । यह बड़ी चिन्ता का वािय है । विगत तीन वाों से लगातार सदन में उत्तर प्रदेश सम्पर्क क्रान्ति को प्रतिदिन चलाने की मांग करता रहा हूँ । किन्तु आज तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए । यहां तक कि उ.प्र. सम्पर्क क्रान्ति के सवारी डिब्बों में कटौती करने का प्रयास किया जा रहा है । दिनांक 22.04.07 को गाड़ी प्लेटफार्म नं. 7 पर सांय 9.20 पर पहुंची । गांड़ी में लगभग चार डिब्बों की कटौती की गयी थी । रेल प्रशासन के कारण यात्रियों को बहुत असुविधा हुई । यात्रियों में बड़ा आक्रोश था । यात्रियों के पास आरक्षित टिकटे थे, किन्तु डिब्बे नहीं ।

अतः माननीय मंत्री जी से सदन के माध्यम से अनुरोध है कि उ.प्र. सम्पर्क क्रान्ति को तुरंत प्रभाव से प्रतिदिन चलाया जाए तथा पर्याप्त साफ सुथरे डिब्बों की व्यवस्था की जाएं ।